वारदात | जयसिंहनगर क्षेत्र में वारदात से दहशत, अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज, सभी पहलुओं पर जांच

बाजार से लौट रही वृद्धा की धारदार हथियार से हत्या

नवभारत,जयसिंहनगर। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक 60 वर्षीय वृद्धा की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। बाजार से घर लौट रही महिला का रक्तरंजित शव कुल्हाड़ियां नदी के समीप मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान गेंदा बाई यादव (60), पत्नी ललुआ यादव, निवासी ग्राम कनाड़ी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गेंदा बाई सोमवार को आवश्यक सामान खरीदने बाजार गई थीं, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचीं। काफी देर तक इंतजार के बाद परिजन उनकी तलाश में निकल पड़े।

इसी दौरान गांव की एक महिला बाजार से लौटते समय नदी के पास पहुंची, जहां उसने गेंदा बाई का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा देखा। महिला ने तत्काल गांव पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही जयसिंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए तथा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मृतका की गर्दन पर धारदार हथियार से किए गए गहरे वार के निशान मिले हैं, जिससे हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

इधर, ग्रामीणों के बीच हत्या के पीछे जादू-टोना से जुड़े विवाद की चर्चा है। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में किसी भी संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाएगा।

मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास पर विश्वविद्यालय में मंथन

▶ यूजीसी के निर्देश पर आयोजित गोष्ठी में तनावमुक्त जीवन, योग और भारतीय ज्ञान परम्परा पर दिया गया जोर

नवभारत,शहडोल। पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, तनाव प्रबंधन तथा भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित जीवन मूल्यों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में मानसिक स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच, अनुशासित दिनचर्या और भारतीय ज्ञान परम्परा में वर्णित जीवन मूल्यों को अपनाकर मानसिक संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मन ही सफल व्यक्तित्व और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ युवा ही राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा चुनौतियों का सकारात्मक दृष्टिकोण से सामना करने की प्रेरणा दी।गोष्ठी में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित बीज मंत्रों के महत्व पर विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। वक्ताओं ने बताया कि बीज मंत्रों का नियमित जप, ध्यान और योग मानसिक एकाग्रता बढ़ाने, सकारात्मक ऊर्जा विकसित करने तथा आत्मिक शांति प्राप्त करने के प्रभावी साधन हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में वर्णित अनेक सिद्धांत आज भी मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप से उपयोगी हैं। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) आशीष तिवारी, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अतिथि विद्वान, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

एक नजर में

अवैध रेत एवं कोयला उत्खनन में खिलाफ मुखर हुई बहुजन गोडवाना पार्टी

नवभारत बुढार। जिले भर में अनवरत चल रहे अवैध कार्यों पर रोक लगाने के लिए आज बहुजन गोड़वाना पार्टी जिला शहडोल ने धरना प्रदर्शन किया रूंगटा तिराहे के समीप बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक श्रवण चौधरी के निर्देशन पर प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राय एवं जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौधरी के नेतृत्व में आज का धरना प्रदर्शन आंदोलन किया गया और अवैध कार्यों पर पूर्णत: रोक लगाने की मांग की है बहुजन गोडवाना पार्टी के पत्र जारी कर अवैध कार्यों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने हेतु विभिन्न प्रकार की मांग की और है राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन से की है जो इस प्रकार है।

यह की गई मांग- बटुरा, चंगेरा, छांटा, साबो नदी से कोयला खनन कई वर्षों से किया जा रहा है जिसमें हर दिन करोड़ों की सरकारी सम्पत्ति की चोरी कॉल माफियाओं द्वारा किया जा रहा है यह सब देखकर जिला प्रशासन नजरंदाज कर रहा है जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद है और न किसी का डर है क्योंकि उनको शासन प्रशासन द्वारा संरक्षण प्राप्त है जिससे आये दिन अपराधी अपराध कर रहे हैं एवं आमजन मानस में दहशत बना रहता है क्योंकि इस अवैध खदान में ढसने के कारण मजदूरों की जमीन में दब कर मौत हो चुकी है और शासन प्रशासन ऐसी घटना से अंजान बनी हुई है पिछले वर्ष अप्रैल माह में माफियाओं के द्वारा हत्या भी की जा चुकी है। आनन्द कोलोराइड केमिकल फैक्ट्री बुढ़ार के द्वारा पिछले कुछ समय से गंदा केमिकल युक्त पानी और कचरा बिना ट्रीट किए सीधे नदी में बहाया जा रहा है जिस कारण नदी का पानी जहरीला हो गया है जिससे नदी के पानी में गंदी बदबू आ रही है नदी में मछलियां और अन्य जलीय जीव मर रहे ।

पत्रकार को गाली देने वाले विवादित एएसआई की आईजी से शिकायत

▶ आईजी ने कहा होगी कार्यवाही पत्र शहडोल एसपी की ओर किया अग्रेषित

नवभारत, धनपुरी। धनपुरी थाने में पदस्थ विवादित सहायक उपनिरीक्षक जिनकी कार्यशैली हमेशा से ही कई प्रकार के विवादों से घिरी रही है वर्तमान मामला स्वतंत्र पत्रकार अंकित गुप्ता को व्हाट्स एप कॉलिंग पर अभद्र टिप्पणी करने का है जिसकी शिकायत आज पत्रकार अंकित गुप्ता ने शहडोल रेंज की आईजी आईपीएस एन चैत्रा से मुलाकात कर उन्हें कार्यवाही हेतु पत्र सौंपा जिस पर उन्होंने कार्यवाही की बात कही है और संबंधित पत्र को नवागत पुलिस अधीक्षक शहडोल की ओर अग्रेषित कर दिया है ज्ञात हो की भूपेंद्र कुमार नामक एएसआई के का नाम हमेशा से ही विवादों से जुड़ा रहा है और लगातार वह कई वर्षों से एक ही जिले में पदस्थ हैं जिसकी वजह वह लगातार नकारात्मक खबरों को वजह से सुर्खियों में रहते हैं।

पत्रकार परिषद ने की है कार्यवाही की मांग

पत्रकार परिषद शहडोल एवं अन्य पत्रकार संगठनों ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के ऊपर हुए इस तरह के प्रहार की कड़ी निन्दा करते हुए एएसआई भूपेंद्र अहिरवार पर शीघ्र ही कड़ी कार्यवाही की मांग को है और कार्यवाही ना होने पर वृहद आंदोलन की चेतावनी दी है।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी की 8 मोटरसाइकिलें बरामद

▶ 6 आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

नवभारत,शहडोल। जिले में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरियों पर अंकुश लगाने की दिशा में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सुनियोजित कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामलों की लगातार विवेचना की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कई मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उनके कब्जे से कुल आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर पुलिस ने जब्त कर लीं।गिरफ्तार आरोपियों में सुनील वर्मा (26) निवासी कोटमा, मोहम्मद अहमद (38) निवासी कल्याणपुर, शुभम सरवारी उर्फ पापे (26) निवासी सौखी मोहल्ला, सुधीर केवट उर्फ छोटू (32), सागर जायसवाल उर्फ शिवम जायसवाल (24) तथा विजय जायसवाल (31), तीनों निवासी ग्राम जमुई शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर चोरी की अन्य वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक उपेन्द्र त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी सहित प्रधान आरक्षक आशाराम, ध्रुव शर्मा, कैलाश, पंचम सिंह, गंगा, शैलेन्द्र पाटले, लक्ष्मी पटेल, गिरीश मिश्रा तथा आरक्षक रौशन राय एवं रूपचन्द्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी अपराधियों के विरुद्ध इसी तरह प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गोवा से गिरफ्तार

▶ पीड़िता को कटनी रेलवे स्टेशन पर छोड़कर हुआ था फरार, बुढार पुलिस ने दबोचा

शहडोल। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के तहत बुढार पुलिस ने विवाह का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को गोवा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून 2026 को शहडोल नगर निवासी पीड़िता ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम टेंगा निवासी सचिन सिंह कंवर ने उससे प्रेम संबंध स्थापित कर विवाह का वादा किया और इसी बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी विवाह से मुकर गया तथा पीड़िता को कटनी रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की तलाश लगातार जारी रही। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस को आरोपी के गोवा में होने की सूचना मिली। इसके बाद केशवाही पुलिस एवं बुढार थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी सचिन सिंह कंवर (23) निवासी ग्राम टेंगा, चौकी केशवाही, थाना बुढार को गोवा से गिरफ्तार कर शहडोल लाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के निर्देशन में उपनिरीक्षक गंगा सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक उमेश राठौर तथा आरक्षक जितेन्द्र राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

यातायात थाना परिसर में किया पौधरोपण, हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

नवभारत,शहडोल। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना यातायात शहडोल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण व नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सभी ने पौधारोपण को केवल औपचारिकता न मानते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दोहराया।

सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराई बाइक

▶ युवक की मौके पर मौत ब्यौहारी के मऊ टोल प्लाजा के पास देर रात हादसा

नवभारत,ब्यौहारी। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। रीवा मार्ग स्थित मऊ टोल प्लाजा के समीप युवक की बाइक सड़क किनारे खड़े हाइवा वाहन से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अमित पाल, पिता स्वर्गीय दशरथ पाल, निवासी झिरिया वार्ड क्रमांक-5, थाना देवलोंद के रूप में हुई है। बताया गया कि अमित पाल सोमवार रात ब्यौहारी से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रीवा मार्ग पर मऊ टोल प्लाजा के समीप सड़क किनारे खड़े हाइवा वाहन से उसकी बाइक टकरा गई।हादसे में अमित पाल को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हाइवा वाहन सड़क किनारे किस परिस्थिति में खड़ा था और हादसे के लिए कौन-कौन से कारण जिम्मेदार रहे।

समस्या | हर साल वही समस्या, आश्वासनों में सिमटा सड़क सुधार, लोगों में बढ़ा आक्रोश

बारिश शुरू होते ही धनपुरी की सड़क बनी दलदल, आवागमन बेहाल

नवभारत,धनपुरी । मानसून की पहली बारिश के साथ ही धनपुरी नगर की सबसे प्रमुख सड़कों में शामिल सुभाष चौक से रेलवे फाटक तक का मार्ग एक बार फिर बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। वर्षों से सड़क की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय नागरिक लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन बारिश शुरू होते ही सड़क पर कीचड़, गड्ढे और जलभराव ने लोगों की परेशानियां कई गुना बढ़ा दी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात शुरू होने से पहले ही सड़क की खराब स्थिति को लेकर कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया था। विरोध प्रदर्शन भी किए गए और सड़क की मरम्मत की मांग लगातार उठाई जाती रही। इसके बावजूद समय रहते सड़क सुधार का कार्य नहीं कराया गया। केवल औपचारिकता निभाते हुए सड़क पर मौजूद गड्ढों में मिट्टी डाल दी गई, जो पहली ही बारिश में बह गई। अब पूरी सड़क कीचड़ से भर चुकी है, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग धनपुरी का अत्यंत व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी सड़क से आवागमन करते हैं। स्कूल, कॉलेज, बाजार और रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले नागरिक भी इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन वाहन फिसलने की घटनाएं सामने आ रही हैं और दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। स्थिति को और गंभीर बनाने का काम इस मार्ग से गुजरने वाले भारी कोयला वाहनों ने किया है। पूरे दिन बड़ी संख्या में कोयले से लदे ट्रकों का आवागमन होता है, जिससे सड़क पर दबाव बढ़ता है और पहले से खराब हो चुकी सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त होती जा रही है।

बारिश के दौरान इन भारी वाहनों के गुजरने से सड़क पर कीचड़ फैल जाता है, जिससे छोटे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से सड़क के स्थायी निर्माण और मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क सुधार के दावे किए जाते हैं, परंतु जमीनी स्तर पर कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं देता। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराया जाता, तो हर वर्ष बरसात के मौसम में ऐसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। बारिश के साथ एक बार फिर सामने आई इस समस्या ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों ने मांग की है कि सुभाष चौक से रेलवे फाटक तक की सड़क का जल्द से जल्द स्थायी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए, ताकि हर वर्ष बरसात में होने वाली इस परेशानी से लोगों को राहत मिल सके। फिलहाल सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों में आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है और वे शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद लगाए हुए हैं।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ मध्यप्रदेश
हम सबकी जिम्मेदारी

मेरे प्रिय
प्रदेशवासियो,

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर मध्यप्रदेश में स्वच्छता को एक जन-आंदोलन बनाया गया है। विगत वर्षों में आप सभी के सहयोग से हमने स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। दिनांक 1 अप्रैल 2026 से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू हो चुका है, जिसमें जन-प्रतिनिधियों, निकायों, संस्थानों एवं नागरिकों के लिए कचरा प्रबंधन हेतु दायित्व नियत किए गए हैं। उक्त नियम केवल नगरीय निकायों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राज्य के सभी विभागों में लागू किए गए हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे को भी समेकित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का परिपालन एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका सफल क्रियान्वयन केवल शासकीय प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि राज्य के प्रत्येक नागरिक एवं प्रतिष्ठान को इस कार्य में अपनी भूमिका निभानी होगी।

आप सभी से मेरा विनम्र अनुरोध है कि अपनी दिनचर्या में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करें -

- आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम किसी भी प्रकार का कचरा, न तो खुले में फेकेंगे और न ही जलाएंगे।
- अपने घर, गली, मोहल्ले, शहर एवं प्रदेश को कचरा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।
- घर से निकलने वाले कचरे को चार प्रकार से अलग करके (गीला, सूखा, सैनिटरी एवं स्पेशल केयर) केवल कचरा वाहन को देंगे।
- कचरे के री-यूज और री-सायकल को बढ़ावा देंगे, जैसे- होम कम्पोस्टिंग, पुराने कपड़े, किताबें, अन्य उपयोगी वस्तुओं को फेकेंगे नहीं, बल्कि RRR (Reduce, Reuse, Recycle) केंद्रों में जमा करेंगे।
- कचरा कम करने के लिए छोटी-छोटी आदतों जैसे- अपना झोला और पानी की बोतल साथ रखेंगे तथा वस्तुओं का अधिकतम पुनर्प्रयोग आदि को अपनाएंगे।
- साथ ही समस्त नगरीय निकाय यह सुनिश्चित करें कि हर घर, दुकान और झुग्गी बस्ती से नियमित रूप से कचरा संग्रहण हो।

प्रिय साथियो, स्वच्छता केवल सुंदरता का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है। यदि हम आज जिम्मेदारी से कार्य करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित मध्यप्रदेश दे पाएंगे। **आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें : मेरा कचरा - मेरी जिम्मेदारी।** एक बार फिर आप सभी से अपील है कि अपने मध्यप्रदेश को देश में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में स्वच्छ, सुंदर और संवहनीय (सस्टेनेबल) राज्य बनाने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के सफल क्रियान्वयन में अपना योगदान दें।

जय हिन्द, जय मध्यप्रदेश !

- डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11051/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026